सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स स्कूल

ऐडजेसेंट नवनीति अपार्टमेंट

आई .पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली ११००९२

सत्र २०२६-२०२७

कक्षा 2

विषय- हिंदी

पाठ 9 वीरू का सरकस

कठिन शब्द

1 मदारी

2 खतरनाक

3 चेतावनी

4 चक्का

5 मास्टर

6 मुश्किल

7 मज़ेदार

8 पिंजरे

9 सफ़ाई

10 लड्डू

शब्द अर्थ

1 करतब - कलाबाज़ी

2 डर - भय

3 खतरनाक - ज़ोखिम भरा

4 चेतावनी - खतरे से आगाह करना

5 मुश्किल - कठिनाई

वाक्य बनाओ

1 खतरनाक - शेर बहुत खतरनाक जानवर होता है |

2 पुस्तक- पुस्तक हमारी सबसे अच्छी दोस्त होती है |

3 सपना - सपना सच करने के लिए मेहनत ज़रूरी है |

4 सरकस - बच्चे सरकस देखकर बहुत खुश हुए |

किसने किससे कहा ?

1 " यह तो बड़ा खतरनाक है , इसमें आग से जलने का डर है,"

उत्तर - बाबा ने वीरू से कहा।

2 " सरकस देखने में बड़ा मज़ा आएगा, **"**

उत्तर - वीरू ने अपने दादा दादी **से कहा।**

प्रश्न / उत्तर

प्र० 1 दादाजी और दादीजी वीरू को कौन-सा सरकस दिखाने ले गए ?

उ० 1 दादाजी और दादीजी वीरू को जंबो-बंबो सरकस दिखाने ले गए।

प्र० 2 वीरू को क्या सपना आया ?

उ० 2 वीरू को रात में सपना आया कि उसका अपना एक सरकस है।

प्र० 3 वीरू ने जलते हुए गोले में कूदने की जगह क्या किया ?

उ० 3 वीरू ने जलते हुए गोले में कूदने की जगह अपना बड़ा-सा खेलने वाला चक्का लिया और उसके बीच से **कूद गया।**